हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 139 देहरादून, शनिवार 19 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



31 मार्च, 2023 तक 100 प्रतिशत खर्च करने को लेकर कार्ययोजना तैयार हो : मुख्य सचिव 3

# सीएम धामी का टनकपुर के मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में जनता दरबार लगा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में ' मुख्य सेवक आपके द्वार' के अंतर्गत ' जन संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कई संगठनों व लोगों ने अपनी समस्याओं को सीएम के समक्ष प्रमुखता से रखा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जो समस्या जिला स्तर पर हल हो सकती है उनका समाधान निर्धारित समय पर होना चाहिए। वह समस्या अनावश्यक शासन या उनके स्तर पर नहीं आनी चाहिए, जिला स्तर पर होने वाले कार्यों की फाइल सचिवालय स्तर में आने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शारदा घाट का निर्माण नमामि गंगे के अंतर्गत हो इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं, उन्होंने जिलाधिकारी को नियमित माँ सारदा की आरती करने हेतु नमामि गंगे के अंतर्गत प्रस्ताव दिए जाने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले लाखों श्रद्धालु हमारे चंपावत लोहाघाट पिथौरागढ़ के साथ ही अन्य जिलों में घूमे इसके लिए हम मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पौराणिक मंदिरों एवं स्थानों को जोड़कर एक सर्किट के रूप में विकसित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा पूर्णागिरि को रोपवे से जोड़ने का कार्य जल्द ही किया जाएगा। दूरदराज सीमांत गांव के विकास हेतु सरकार गांव में चौपाल कार्यक्रम की व्यवस्था करने जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खूना के फकरुद्दीन को ₹50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का चेक भी प्रदान किया।




## महाराज पहुंचे कोटद्वार , कार्यकर्ताओं की समस्यायें सुनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोटद्वार, 18 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के सरकार के मंत्रियों को जिलों में दो दिवसीय प्रवास के निर्देश को देखते हुए प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज का कोटद्वार पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा सरकार के मंत्रियों को जिलों में दो दिवसीय प्रवास के निर्देश के तहत संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज शुक्रवार को कोटद्वार पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने एक स्थानीय होटल में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सरकार के कार्यों को उनके साथ साझा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान ऋषि कण्डवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, भाजपा कार्यकर्ता जंग बहादुर, उमेश त्रिपाठी, राम प्रकाश शर्मा, संग्राम सिंह, श्रीमती गायत्री सहित पार्षद एवं पार्टी पदाधीकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ओवरलोड यात्री वाहन खाई में गिरा

# एक पल में छिन गईं 12 जिंदगियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

जोशीमठ(चमोली), 18 नवम्बर। उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ के उर्गम घाटी में निर्माणाधीन उर्गम-पल्ला जखोला मोटर मार्ग पर शुक्रवार को पल्ला गांव के समीप मैक्स करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इसमें सवार 12 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 10 सीटर वाहन में 17 लोग सवार थे। जान बचाने के लिए खाई की ओर सरकते वाहन से कूदे तीन लोग घायल हो गए। वहीं वाहन को रोकने के लिए टायर में पत्थर लगाने उतरे दो लोग बाल-बाल बच गए।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर एक मैक्स जोशीमठ से सवारियों को लेकर किमाणा गांव जा रही थी। करीब 3:30 बजे पल्ला गांव के समीप खड़ी चढ़ाई पर मैक्स आगे नहीं बढ़ पाई। पीछे सरकते देख उस पर सवार किमाणा गांव का जीतपाल सिंह और हेमंत चौहान निवासी कलगोठ गांव नीचे उतरे और टायर में पत्थर अड़ाने लगे।

बताया जा रहा है कि वाहन ओवर लोड होने के कारण पत्थर पार कर गया और तेजी से नीचे आने लगा। इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इस बीच मैक्स की छत पर सवार तीन लोग जान बचाने के लिए कूद गए। वे सड़क के पत्थरों से टकराकर घायल हो गए।




वहीं खाई में गिरने से मैक्स के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाया। देर शाम तक 12 लोगों के शव निकाल लिए गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उर्गम लाया गया है।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही स्थानीय लोग देर रात तक बचाव अभियान में जुटे रहे। सूचना पर डीएम हिमांशु खुराना और एसपी प्रमेंद्र डोबाल भी पहुंचे। बता दें कि ग्यारह किलोमीटर लंबी उर्गम-पल्ला जखोला सड़क वर्ष 2020 से निर्माणाधीन है।

इन दिनों नौ किलोमीटर पर स्थित उछों ग्वाड़ गांव के समीप सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। है। सड़क का अधिकतर हिस्सा चट्टानी है। पल्ला जखोला गांव के पूर्व प्रधान मनवर सिंह रावत, हर्षवर्द्धन झिंक्वाण ने बताया कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है, वहां तीखी चढ़ाई है।

# 10 मिनट में अंग्रेजी वर्ड्स सीखें : शब्द को दो टुकड़ों में बांटते ही समझ जाएंगे अर्थ




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 नवम्बर। अंग्रेजी बोलना कौन नहीं चाहता है ? बचे हों या युवा या फिर बुजुर्ग सोसाइटी में चंद इंग्लिश वड्र्स बोलकर इमेज बनाने की छत सबको होती है। इसके लिए ये ज़रूरी है की आपका शब्दकोश मजबूत हो और आपको कॉन्फिडेंस भी रहे। अब आप जानते ही हैं अधिकांश अंग्रेजी 'रूट वड्र्स' ग्रीक और लैटिन भाषाओं से आए हैं। रूट वड्र्स के माध्यम से वोकैबुलरी बनाने के लिए एक उपयोगी तरीका यह है कि पहले एक रूट वर्ड को देखें और फिर उस आधार के साथ जाने वाले परिचित उपसर्गों (प्रीफिक्स) और प्रत्ययों (सफिक्स) की तलाश करें।

**शुरू करते हैं '40 वड्र्स 10 मिनट में' की एक और यात्रा**

हम यहाँ आपको एक रूट वर्ड बता रहे हैं जिससे बनने वाले इंग्लिश वड्र्स और उनका मतलब भी आप जान सकते हैं -

उदाहरण - 1 Ambl: ये शब्द लैटिन से आता है, जिसका अर्थ 'चलना' होता है।

लेकिन क्या आप जानते हैं इसी एक रूट से हमें ये अनेकों शब्द प्राप्त होते हैं – ध्यान से समझ लीजिये

AMBLE (एम्बल): धीमी गति से आराम से चलना

AMBULATE (एम्युलेट): चलना/फिरना

AMBULANCE (एम्बुलेंस): बीमार या घायल लोगों को अस्पताल ले जाने और ले जाने के लिए वाहन

PERAMBULATOR (पैरामबुलेटर): एक शिशु गाड़ी; प्रैम (pram)

CIRCUMAMBULATE (सरकम-अम्ब्युलेट): चारों ओर (कुछ) घूमना

कुल हुए 5 वड्र्स। मजा आया? आसान है न?

2) Micro: ये शब्द ग्रीक से आता है, जिसका अर्थ 'छोटा' होता है।

इस रूट से हमें ये शब्द प्राप्त होते हैं –

MICROCOSM (माइक्रोकोस्म): कुछ ऐसा है जो किसी बड़ी चीज का छोटा उदाहरण है

MICROSCOPE (माइक्रोस्कोप): एक प्रयोगशाला उपकरण जिसका उपयोग उन वस्तुओं की जांच करने के लिए किया जाता है जो नग्न आंखों से दिखाई देने के लिए बहुत छोटी हैं

MICROBIOLOGY (माइक्रोबायोलॉजी): सूक्ष्म जीवों जैसे वायरस, बैक्टीरिया, शैवाल, कवक आदि का अध्ययन

कुल हुए 8 वड्र्स। मजा आया? आसान है न?

3) Spect: ये शब्द लैटिन से है, जिसका अर्थ 'देखना' होता है।

इस रूट से हमें ये शब्द प्राप्त होते हैं –

INSPECT (इंस्पेक्ट): ध्यान से देखना

RESPECT (रिस्पेक्ट): ऊंचा या सम्मान से देखनाSPECTATE (स्पेक्टेट): एक खेल आयोजन में एक दर्शक होना है

PROSPECT (प्रोस्पेक्ट): यह भविष्य की सफलता को देखना या (होने की संभावना)

SPECTACLE (स्पेक्टिकल): इसका मतलब कुछ या किसी को विशेष रूप से एक उल्लेखनीय दृष्टि से देखना है

INSPECTOR (इंस्पेक्टर): यह एक अन्वेषक है जो ध्यान से देखता है।

INTROSPECT (इंट्रोस्पेक्ट): अपने भीतर देखना, चिंतन करना

RETROSPECT (रेट्रोस्पेक्ट): अतीत की बातों का चिंतन (देखना/ सोचना)

PERSPECTIVE (पर्स्पेक्टिव): स्थितियों या विषयों के संबंध में कोई तरीका देखना

SPECTACULAR (स्पेक्टैक्युलर): ऐसा कुछ जो दिखने में सनसनीखेज और रोमांचकारी है


कुल हुए 18 वड्र्स, उम्मीद है आपको ये आईडिया पसंद आया होगा। ऐसे ही आप खुद अभ्यास करते हुए कम समय में ही जोरदार और फरांटेदार इंग्लिश बोलने की कला सीख सकते हैं।

# बासी रोटी खाने के हैं अद्भुत फायदे पढ़कर नहीं फेंकेंगे बासी रोटी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 18 नवम्बर, अक्सर हम सभी लोगों ने यह सुना होगा कि बासी रोटी का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। हमेशा खाने में ताजा भोजन ही खाना चाहिए, क्योंकि बासी भोजन हमारी सेहत को हानि पहुंचाता है, जिसके चलते लोग रात की बची हुई रोटी या भोजन फेंक देते हैं या फिर जानवरों को दे देते हैं। लेकिन आज हम आपको बासी रोटी के बारे में एक ऐसी बात बताने जा रहे हैं, जिससे आप अनजान होंगे। क्या आपको यह पता है कि बासी रोटी खाने से एक नहीं बल्कि कई फायदे मिलते हैं। जी हां, आप लोग बिल्कुल सही सुन रहे हैं। बासी रोटी खाने से सेहत को ढेर सारे फायदे मिलते हैं। बासी रोटी में एक नहीं बल्कि कई सारे गुण होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। अगर आप बासी रोटी खाने से होने वाले इन फायदों के बारे में जान लेंगे, तो आप भी बासी रोटी खाना पसंद करने लगेंगे।



**बासी रोटी खाने के**

**फायदेडायबिटीज भगाए दूर**

जिन लोगों को डायबिटीज की शिकायत होती है, तो उनके लिए बासी रोटी का सेवन करना किसी अमृत से कम नहीं है। जी हां, डायबिटीज जैसे बीमारी से परेशान लोगों को नियमित तौर पर दूध में बासी रोटी मिलाकर इसका सेवन करना चाहिए। इससे डायबिटीज की समस्या दूर होती हैबीपी बढ़ना या घटना दोनों ही काफी गंभीर समस्या होती है। अतः जो लोग ब्लड प्रेशर की बीमारी से परेशान हैं, उन्हें बासी रोटी का सेवन जरूर करना चाहिए। बासी रोटी को दूध के साथ खाना और भी ज्यादा फायदेमंद होता है। दरअसल, बासी रोटी में कुछ गुड बैक्टीरिया आ जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके साथ ही बासी रोटी में ग्लूकोज की मात्रा भी कम होती है। वहीं बासी रोटी खाना गर्मियों में शरीर के तापमान को कंट्रोल भी रखता है। अगर किसी व्यक्ति को पेट संबंधी समस्या है, तो ऐसे में उसे बासी रोटी का सेवन जरूर करना चाहिए। बात दें बासी रोटी में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। बासी रोटी को दूध के साथ खाने से आपका डाइजेशन बेहतर बनता है। अगर इसका सेवन किया जाए तो अपच, कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्या दूर होती हैं।

अगर बासी रोटी का सेवन करते हैं, तो इससे बॉडी का टेंपरेचर भी नॉर्मल बना रहता है। अगर बासी रोटी को दूध के साथ सेवन किया जाए तो इससे शरीर का तापमान कंट्रोल में रहता है। इतना ही नहीं बल्कि गर्मियों के मौसम में अगर बासी रोटी का सेवन करते हैं, तो इससे हीट स्ट्रोक जैसे दिक्कत होने के खतरे की संभावना भी बहुत कम हो जाती है।अगर कोई दुबला-पतला है तो उनके लिए बासी रोटी का सेवन बहुत ही फायदेमंद होता है। बासी रोटी खाने से शरीर को ऊर्जा भी काफी मात्रा में मिलती है। दुबले-पतले लोग अगर अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो बासी रोटी का सेवन आज से ही शुरु कर दीजिए।अगर आप रोजाना नियमित रूप से जिम करते हैं, तो आपको बासी रोटी का सेवन जरूर करना चाहिए। दरअसल, बासी रोटी में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। ऐसे में जब आप एक्सरसाइज करते हैं, तो उस समय के दौरान थकान भी महसूस नहीं होती है।

# मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ा सुख निरोगी काया : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टनकपुर , 18 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवयोग ग्राम, टनकपुर में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सूर्योदय सेवा समिति द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) एवं योग संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पुरातन एवं प्राकृतिक मड थेरेपी को बढ़ावा देते हुए मड बाथ (गीली मिट्टी से स्नान) भी किया, साथ ही उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा पद्धति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अध्यापको एवं छात्र - छात्रों को सम्मानित किया।







मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भूमि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण भूमि है, प्राकृतिक संसाधनों को अपनाकर प्राकृतिक चिकित्सक मानव जीवन को रोगमुक्त करती है। उन्होंने कहा ऋषियों और संतो की तपस्थली उत्तराखण्ड सदैव से ही विश्व कल्याण के लिए ज्ञान का प्रचार प्रसार करती रही है। यह योग, आयुष, आध्यात्म की भूमि है, उन्होंने कहा आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना की जागृति का जो संगम हमारी देवभूमि में देखने को मिलता है वह अद्भुत है। प्राचीन काल से ही आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का ज्ञान इसी धरती से हमारे ऋषियों द्वारा विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा राज्य सरकार भी प्राकृतिक चिकित्सा को बढावा देने एवं इसके प्रचार- प्रसार, करने के लिए प्रतिबद्ध और सक्रिय हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ा सुख उसके निरोगी रहने का है। उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि यह सुख प्रत्येक नागरिक को प्राप्त हो, साथ ही हमारी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास हेतु हर वह जरूरी निर्णय ले रही है जो हमारे राज्य को आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा हमने अपने वादे के अनुसार समान नागरिक संहिता के लिये समिति का गठन किया, समिति द्वारा जल्द ही फाइनल ड्राफ्ट बनाकर पूरा कर लिया जाएगा। हमारे राज्य के साथ ही देश के अन्य राज्य भी अब समान नागरिकता संहिता पर कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचार पर रोक के लिए 1064 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। उन्होंने कहा विभिन्न विभागों से रिक्त पड़े पदों की सूची मांगी गई है, ताकि जल्द से जल्द भर्ती कराई जा सके। उन्होंने कहा विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है, उन्होंने कहा प्रतिभावान युवाओं को आगे बढ़ाने एवं योग्यता के आधार पर नौकरी दिए जाने पर कार्य किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, लीलाधर पांडेय, देवीदत्त जोशी, डॉ विक्रम सिंह, डॉ नवदीप जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीएम धामी ने टनकपुर शारदा घाट पर बाढ़ नियंत्रण कार्यों का निरीक्षण किया



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टनकपुर , 18 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित शारदा घाट पहुंचकर सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे बाढ़ नियंत्रण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत आदि शक्ति मंदिर के समीप घाट निर्माण कार्य एवं घस्यारा मंडी के समीप निर्माणधीन तटबंध सहित विभिन्न विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने शारदा घाट में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश के में खुशहाली कि कामना की।इस दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा,पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# 31 मार्च, 2023 तक 100 प्रतिशत खर्च करने को लेकर कार्ययोजना तैयार हो : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 18 नवम्बर। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सभी विभागों को आबंटित बजट व्यय के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने विभागों द्वारा खर्च की मॉनिटरिंग के लिए परफोर्मा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग हो सके इसके लिए पाक्षिक रिपोर्ट विभागों द्वारा इस परफोर्मा में ली जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग आबंटित बजट को 31 मार्च, 2023 तक 100 प्रतिशत खर्च करने को लेकर कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विभागों की पुरानी देयताओं अथवा अच्छे प्रस्ताव आने पर पूर्व में स्वीकृत



बजट से अधिक भी स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय बचाने के लिए विभागों द्वारा जो काम होने ही होने हैं, उनके टेंडर लगा लिए जाएं, कहा कि प्रोजेक्ट सेंक्शन होने उपरान्त ही अवार्ड किए जाएंगे। उन्होंने सभी सचिवों को अपने विभाग के प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रस्तावों में देरी न हो इसके लिए प्रस्ताव से पूर्व सभी प्रकार की औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग को अपनी सभी प्रकार की छोटी-बड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। कहा कि इन विभागों की छोटी-बड़ी योजनाएं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सबसे ज्यादा उपयोगी हैं।

मुख्य सचिव ने नाबार्ड से सम्बन्धित योजनाओं के लिए भी सभी विभागों को प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृति हेतु प्रस्तावों को अनावश्यक रूप से अपने उच्चस्थ अधिकारियों को फॉवर्ड करने की टेंडेंसी को समाप्त करने की आवश्यता है। कितने बजट के लिए किस स्तर तक फाईल का जाना है, यह पूर्व से ही निर्धारित है। किसी प्रकार के कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए उन्होंने वित्त विभाग को इसके लिए सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, अरविन्द सिंह ह्यांकी, दिलीप जावलकर, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, हरि चन्द्र सेमवाल सहित सभी विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# लो जी अब स्पीकर ऋतू खंडूड़ी से मिले सभी 70 विधायक !






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 नवम्बर। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग व प्लान इंडिया इंटरनेशनल के द्वारा आयोजित बाल विधानसभा में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने पहुंचकर 70 बाल विधायकों से सीधा संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। इस मौके पर ऋतु खंडूडी ने विधानसभा के सत्र संचालन एवं विधायी कार्यों से जुड़ी जानकारी बाल विधायकों के साथ साझा की।

चतुर्थ बाल विधान सभा 2022 कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बाल विधायकों को सम्बोधित किया गया, जिसमें विधानसभा की कार्यवाही व प्रश्नकाल सत्र के सम्बन्ध में प्रतिभागियों से वार्ता की गई। प्रतिभागी बाल विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी से प्रश्नकाल व विधानसभा की प्रकिया से सम्बन्धित मुद्दो पर विस्तृत रूप से बातचीत कर अपने सवाल का संतोषजनक उत्तर प्राप्त किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी बाल विधायकों द्वारा भी पोक्सो, नशा खोरी, लिंगानुपात व भ्रुणहत्या जैसे गम्भीर मुद्दो पर अपने विचार व्यक्त किये गये।


इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि बाल विधानसभा के यह 70 बाल विधायक प्रदेश के लाखों बच्चों के साथ-साथ देश के भविष्य के भी प्रतिनिधि हैं। ऐसे जागरूक बच्चे देश की समस्याओं के समाधान और भविष्य में नीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी बाल विधायकों को विधानसभा भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। साथ ही आयोजन समिति को बाल विधानसभा का सत्र भराड़ीसैण विधानसभा भवन में भी आयोजित करने का सुझाव दिया।

बता दें कि बाल विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुक्रवार से देहरादून में शुरू हुआ। 19 नवंबर को बाल विधानसभा में चयनित 70 बाल विधायकों द्वारा बाल मुख्यमंत्री, बाल विधानसभा अध्यक्ष, बाल नेता प्रतिपक्ष के अलावा बाल कैबिनेट मंत्रियों का निर्वाचन किया जाएगा। इसके बाद बाल विधानसभा का गठन होगा। जिसमें राज्य के ज्वलंत मुद्दों, रजनीतिक गतिविधियों, स्वास्थ्य मिशन, कानून व न्याय व्यवसथा, पेयजल, विद्युत समेत विभिन्न समस्याओं पर बाल सदन में चर्चा होगी।

शुक्रवार को गंगोत्री विधानसभा के विधायक सुरेश चौहान द्वारा चतुर्थ बाल विधान सभा- 2022 की प्रथम दिवस अभीमुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया, जिसमें सृष्टि गोस्वामी, पूर्व बाल मुख्यमंत्री, अमन, पूर्व बाल स्पीकर व आसीफ हसन, पूर्व बालप्रतिपक्ष व प्लान इण्डिया से सुधीर राय टेक्निकल एक्सपर्ट चाईल्ड प्रोटेक्शन, शेरोन जेकोब, चारू आनन्द, सिनियर प्रोग्राम मैनेजर, पुनम मेहता, टेक्निकल एक्सपर्ट उपस्थित रहे, जिसमें चतुर्थ बाल विधानसभा - 2022 कार्यक्रम में प्रतिभागी बाल विधायकों का मार्गदर्शन किया गया। बाल विधायकों की अभीमुखीकरण कार्यशाला में बच्चों को पूर्व बाल मुख्यमंत्री, पूर्व बाल स्पीकर व पूर्व बालप्रतिपक्ष से उनके अनुभव को सुनने का सुनहरा मौका मिला।

कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष डा० गीता खन्ना, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विनोद कपरवाण, प्लान इण्डिया के अधिकारी गोपाल थपलियाल, प्रभारी सचिव एस0के0 त्रिपाठी, विधि अधिकारी ममता रौथाण, बाल मनोवैज्ञानिक निशात इकबाल, वरिष्ठ सहायक नितिन राणा, कनिष्ठ सहायक शान्ति भट्ट, आयोग की मिडिया सलाहकार शिक्षज्ञा घिल्डियाल व वैयक्तिक सहायक विशाल चाचरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अब नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी महिलाएं, पढ़ें संस्थान को क्या देनी होंगी सुविधाएं



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , ब्यूरो रिपोर्ट , 18 नवम्बर , उत्तराखंड में संगठित क्षेत्र में महिलाएं अब रात की पाली में भी काम कर सकेंगी। श्रम विभाग के उत्तराखंड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियम और सेवा शर्त) नियमावली 2022 के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। प्रदेश में संगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदार इस वक्त सात प्रतिशत है, जबकि असंगठित क्षेत्र में यह आंकड़ा 55 प्रतिशत है।माना जा रहा है कि इसके पीछे मुख्य वजह संगठित क्षेत्र में महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने पर रोक थी। अब सरकार ने महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की छूट दे दी है। हालांकि यह छूट कुछ प्रतिबंधों के साथ लागू होगी। इसके तहत किसी भी संस्थान में रात्रि पाली में कम से कम तीन महिलाओं का होना जरूरी होगा।

सिर्फ एक महिला से रात्रि पाली में काम नहीं कराया जा सकेगा। महिलाओं के लिए अलग से विश्राम कक्ष बनाने होंगे। अगर महिला के साथ बच्चा है तो उसके लिए अलग से शिशु कक्ष भी बनाना होगा। महिला शौचालय की व्यवस्था जरूरी होगी। गौरतलब है कि 2018 में त्रिवेंद्र सरकार में कारखाना अधिनियम के तहत कारखानों में महिलाओं के लिए इस तरह के प्रावधान किए गए थे।श्रम विभाग ने तय किया है कि जो भी संस्थान रात्रि में महिलाओं से काम कराएगा, उसे कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए समिति गठित करनी होगी।

महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर यह समिति तत्काल कार्रवाई करेगी।श्रम विभाग ने एक और अधिनियम में संशोधन किया है, जिसके तहत छोटे अपराधों पर अब तीन महीने जेल की सजा का प्रावधान खत्म कर दिया गया है। इसके बजाय जुर्माने को पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख रुपये कर दिया गया है।

अभी तक प्रदेश में संगठित क्षेत्र में महिलाओं को रात्रि पाली में ड्यूटी करने की अनुमति नहीं थी। इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने कुछ प्रतिबंधों के साथ महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की छूट दे दी है।

# महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल का ज़ोरदार स्वागत हुआ




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 नवम्बर। दर्शनी गेट व्यापारियों द्वारा वह भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड 27 में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल का स्वागत किया गया व्यापारियों ने बहुत ही जोर से स्वागत किया ।

सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा यह दर्शनी गेट मेरी जन्मभूमि है जहां मेरा बचपन गुजरा है यहीं से व्यापार करना शुरू किया और कई तरीके के व्यापार किए और आज भी मेरा पता 1 दर्शनी गेट है सभी व्यापारी भाइयों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अंबेडकर मंडल के अध्यक्ष विशाल गुप्ता जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए और व्यापारियों को भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महामंत्री अजय अग्रवाल जी भी उपस्थित रहे। अंबेडकर मंडल के महामंत्री विपिन खंडूरी जी द्वारा संचालन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शुभम जैन वैभव अग्रवाल अक्षत जैन नवीन जैन सत्यम अरोड़ा मयंक गर्ग आशीष शर्मा अंकुर जैन सनी शेट्टी विमला गॉड सविता ओबरॉय मुकेश रतूड़ी मनोज सिंगल मनोज अहूजा ललित आहूजा प्रदीप कुमार अमिताभ कश्यप सचित कोली मनोज सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# हेमकुंड साहिब,में इस साल की पहली बर्फबारी, सामने आईं खूबसूरत तस्वीरें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 नवम्बर , विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें हेमकुंड साहिब बर्फ के आगोश में समाया है। यहां लगातार हो रही बर्फबारी के चलते धाम में दो फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है। बीते दिनों हुई बारिश-बर्फबारी के बाद शुक्रवार को हेमकुंड साहिब बर्फ से ढक गया है। बर्फबारी के बाद हेमकुंड साहिब के प्राकृतिक सौंदर्य में और निखार आ गया है। अभी हेमकुंड पैदल मार्ग पर रास्ता ठीक करने का काम चल रहा है। हाल ही में गुरुद्वारे के अधिकारियों ने वहां का निरीक्षण किया था।

मौसम खराब होने के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार जमकर बर्फबारी हो रही है। हेमकुंड साहिब में अभी भी रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। जिसकी वजह से यहां तापमान भी माइनस में पहुंच गया है। हेमकुंड साहिब में चारों ओर बर्फ जमी हुई है। ठंड के कारण यहां हेमकुंड सरोवर भी बर्फ में तब्दील हो गया है। उधर, आस्था पथ भी कई किलोमीटर तक बर्फ से ढका हुआ है। बता दें कि इस साल 10 अक्तूबर को हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद हुए थे। इस वर्ष दो लाख 47 हजार श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब में दर्शन किए। वहीं, पहाड़ों में बर्फबारी होने से अब कड़ाके की ठंड पड़ने ली है। वहीं, मैदानी इलाकों में भी सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ होनी शुरू हो गई है।





# सर्दियों में घूमने के लिए बेस्ट है उत्तराखंड के ये हिल स्टेशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 नवम्बर , इस सर्दियों में अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो उत्तरखंड के हिल स्टेशन बेस्ट हैं। यहां के खुदरत के नजारे आपके मन को शांति देंगे। साथ ही आपके मूड को भी रिफ्रेश कर देंगे। अगर मौसम ने साथ दिया तो आप बर्फबारी का आनंद भी ले सकते हैं। तो देर किस बात की चलिए जानते हैं इन हिल स्टेशन के बारे में।

**1 मसूरी ( Mussoorie)**

पहाड़ों की रानी मसूरी हमेशा से पर्यटकों की पहली पसंद रही है। ये एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है, जहां पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। आप यहां एक साथ कई जगहों की सैर एक साथ कर सकते हैं। मसूरी देहरादून से मात्र 38 किलोमीटर की दूरी पर है। मसूरी की तलाश वर्ष 1827 में एक अंग्रेज अफसर कप्तान यंग ने की थी।

**2 नैनीताल (Nainital)**

झीलों का शहर नैनीताल किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इस शहर की खूबसूरत वादियां आपने कई फिल्मों में भी देखी होंगी। यहां आपको जीवन की भागदौड़ और तनाव से शांति मिलेगी। यहां घूमने के लिए नैनी झील, माल रोड, चिड़ियाघर, ईको केव गार्डन आदि पर्यटक स्थल हैं। इस शहर से करीब 25 किमी दूरी पर काठगोदाम रेलवे स्टेशन है। यहां से देशभर से ट्रेनें आती हैं।



**3 कसौनी ( Kasauni)**

पर्यटक स्थल कसौनी उत्तराखंड के बागेश्वर जनपद में स्थित है। कौसानी से हिमालय की चोटियों के दर्शन किए जा सकते हैं। वर्ष 1929 में कौसानी में महात्मा गांधी ने 12 दिन बिताए थे। हिंदी कवि सुमित्रा नंदन पंत का जन्म कौसानी में हुआ था। कसौनी जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**4 औली (Auli)**

औली उत्तराखंड के चमोली जनपद में हिमालय की पहाड़ियों पर स्थित है। गढ़वाली बोली में औली को औली बुग्याल अर्थात 'घास के मैदान' के नाम से जाना जाता है। सर्दियों में बर्फबारी का नजारा नजदीक से देखने को मिलता है। इस लिए सैकड़ों प्रकृति प्रेमी पर्यटक यहां पहुंचते हैं। औली जोशीमठ से 16 किमी की दूरी पर है। उत्तराखंड परिवहन की बसें जोशीमठ और ऋषिकेश (253 किमी) के बीच नियमित चलती हैं।

**5 चंबा ( Chamba)**

चंबा उत्तराखंड के टिहरी जनपद में स्थित है। चंबा मसूरी से 60 किमी और ऋषिकेश से 64 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। यहां की शांत वादियां पर्यटकों को आकर्षित करती है।



# सरकार का बड़ा कदम : गैस चोरों का पता लगाने आ रहा है ये क्यूआर कोड




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 18 नवम्बर , भले ही कई जगहों पर एलपीजी गैस पाइपलाइन पहुंच गई हो, लेकिन अब भी दूर-दराज गांवों में गैस सिलेंडर से ही लोग काम चलाते हैं। यहां तक कि शहरों में भी ज्यादातर इलाकों में गैस सिलेंडर की ही डिलीवरी की जाती है। लेकिन इन सबके बीच एक शिकायत जो सबसे ज्यादा आती है, वो है गैस चोरी की शिकायत।लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा क्योंकि सरकार ने इसके लिए कमर कस ली है, क्योंकि अब एलपीजी सिलेंडर पर क्यूआर कोड लगा होगा जो गैस चोरी करने वालों को ट्रैक करने में मदद करेगा।

क्यूआर कोड देगा पूरी जानकारी एलपीजी गैस सिलेंडर पर लगे क्यूआर कोड से ये पता लगाने में आसानी होगी कि सिलेंडर की कितनी बार रिफलिंग हुई है यानी ये कितनी बार भरा गया है।क्यूआर कोड की मदद से ये भी पता लगाया जा सकेगा कि कौन से सिलेंडर की कौन से डीलर से डिलीवरी हुई है, क्योंकि इसमें वो डाटा मौजूद रहेगा।

इस सिलेंडर की डिलिवरी आपके घर फरवरी 2023 से होने लगेगी।केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस क्यूआर कोड वाले सिलेंडर के बारे में जानकारी देते हुए अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने बताया कि 'सभी एलपीजी गैस सिलेंडर पर सरकार क्यूआर कोड लगाने जा रही है। इससे गैस सिलेंडर की ट्रैकिंग करना आसान होगा और गैस चोरी करने वालों को पकड़ा जा सकेगा।

# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ छात्र संघ चुनाव

## चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चंद्र सुयाल ने निभाया अहम रोल


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 18 नवम्बर। राज्य में कोविड-19 का प्रसार होने के कारण बीते 2 वर्षों से छात्र संघ निर्वाचन नहीं हुये थे। जिसके कारण इस वर्ष छात्र संघ चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराया जाना पुलिस के सामने एक कड़ी चुनौती थी जिसको ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने श्रीनगर एवं पौड़ी में छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए राजपत्रित अधिकारी एवं सम्बन्धित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे।

उत्तराखंड पुलिस के अनुभवी अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चंद्र सुयाल के साथ पौड़ी में क्षेत्राधिकारी सदर प्रेमलाल टम्टा के नेतृत्व में प्रर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिनके द्वारा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान स्थलों पर लगातार गश्त व चैकिंग की गयी। पुलिस द्वारा सभी प्रत्याशियों को लिंग दोह समिति द्वारा निर्गत नियमों से भली भाँति अवगत कराया गया एवं लिंगदोह समिति के द्वारा निर्गत गाइडलाइन का पालन करने हेतु बताया गया था।

छात्र संघ निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु भारी एवं अनुभवी पुलिस बल जिसमें (श्रीनगर/पौड़ी-पीएसी- 06 प्लाटून, पुलिस बल-निरीक्षक-02, थानाध्यक्ष-05, उपनिरीक्षक-15, महिला उपनिरीक्षक-05, मुख्य आरक्षी-31, आरक्षी 92, महिला आरक्षी 22,गोमगार्ड- 45, फायर टैण्डर-01, यातायात पुलिस- 04, टियर गैस गार्द-01) तैनात किया गया था, जिनके द्वारा दिन रात कड़ी मेहनत व लगन से अपनी ड्यूटी निभा कर छात्र संघ चुनाव को निष्पक्ष सम्पन्न करवाया गया।






# यूरिन (पेशाब) करने में 21 सेकेंड्स से ज्यादा लगे तो समझो खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 नवम्बर , यूरिन पास करना यानी पेशाब करना शरीर के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि शरीर के बाकी अंगों का काम करना। क्योंकि पेशाब के जरिए शरीर की अधिकांश गंदगी बाहर निकल जाती है। ऐसे में देखा जाए तो पेशाब से आपकी सेहत का भी काफी कुछ पता चल सकता है। जैसे कि आप यूरिन पास करने में कितना वक्त (urination time) लगाते हैं ये बात भी सेहत के लिहाज से काफी अहम होती है। दरअसल, जहां पेशाब को अधिक देर तक रोके रखने से कई सारी गंभीर बीमारियों का खतरा हो जाता है। वहीं पेशाब करने में लगने वाला अधिक समय भी ये संकेत देता है कि आप यूरिन से संबंधित की किसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। असल में सेहत से जुडे कई सारे शोध में ये बात सामने आई है कि पेशाब के लिए एक निश्चित समय से अधिक वक्त लेना सीधे तौर पर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत है।

**पेशाब में 21 सेकेंड्स से अधिक का वक्त लगना देता है गंभीर बीमारी का संकेत :** जैसे कि बात करें Dailystar की एक हेल्थ रिसर्च रिपोर्ट की तो, अटलांटा में स्थित जॉर्जिया टेक (Georgia Tech) के शोध कर्ताओं का कहना है कि मानव समेत जिन स्तनधारियों का वजन 3 किलो से अधिक होता है वह 21 सेकेंड के भीतर अपना ब्लैडर खाली कर सकते हैं। यानी कि यूरिन पास करने में इससे अधिक का समय (urination time) लेना सेहत के लिए असमान्य माना जाएगा। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन की नर्स प्रैक्टिशनर जेनिस मिलर (Janis Miller) का भी यही





कहना है कि अगर आपको यूरिन पास करने में 20 सेकेंड से कम या 20 सेकेंड से अधिक का वक्त लग रहा है तो इसका सीधा सा संकेत है कि आप कहीं न कहीं यूरिनरी डिस्फंक्शन से जूझ रहे हैं।

ऐसे में हो सकता है कि आपको सिस्टिटिस (मूत्राशय सूजन), ब्लैडर स्टोन से लेकर प्रोस्टेट संबंधित गंभीर समस्याएं हो और आप इससे अनभिज्ञ हों। इसलिए पेशाब में अधिक वक्त लगने में तुरंत किसी चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**टॉयलेट सीट पर अधिक देर तक बैठना भी है सेहत के लिए नुकसानदेह**

वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों का इस संबंध में ये भी कहना है कि टॉयलेट सीट पर अधिक देर तक बैठने से भी शरीर को काफी नुकसान पहुंच सकता है। जैसे कि इससे कमर और पेट पर अतिरिक्त दबाव तो पड़ता ही है साथ ही आप इसके चलते यूरिन संक्रमण के भी शिकार हो सकते हैं। खबर जानकारी के लिए है इसको पुख्ता करने के लिए चिकित्सक से सलाह लें।

# मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून , 18 नवम्बर , उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड वीरों की भूमि है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना है कि उत्तराखण्ड में सैन्य धाम निर्माण हो तथा एक सैनिक होने के नाते यह मेरा भी दृढ़ संकल्प है कि उत्तराखण्ड का सैन्य धाम यहां के चार धामों की तरह ही विकसित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर विशेष रूचि ली है। मंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2023 के अंत तक हम सैन्य धाम का निर्माण पूर्ण कर लेंगे।

मंत्री ने कहा कि सैन्य धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश के विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करके सैन्य धाम के डिजाइन को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में प्रदेश भर शहीद सम्मान यात्रा के दौरान प्रदेश के 1734 शहीद परिवारों के घर से मिट्टी एकत्र कर सैन्य धाम में बनाये जाने वाली अमर जवान ज्योति के नीचे रखा जायेगा।

मंत्री ने कहा कि सैन्य धाम का मुख्य द्वार पर और उत्तराखण्ड के गौरव और देश के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत के नाम पर बनाया जायेगा। उन्होंने कहा नवंबर 2022 के अंत तक 28% निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। इस अवसर पर बैठक में अपर सचिव सैनिक कल्याण चन्द्र सिंह धर्मसत्तू, उप जिलाधिकारी नरेश चन्द्र दुर्गापाल, संयुक्त सचिव सुनील सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे



# संपादकीय




## जी-20 की अध्यक्षता

बाली में आयोजित जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के अंत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने समूह की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंप दी. दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह का नेतृत्व भारत के हाथ में आना एक महत्वपूर्ण घटना है. यह समूह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 80 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के 75 प्रतिशत तथा वैश्विक जनसंख्या के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है. मुख्य रूप से इस समूह की प्राथमिकता अंतरराष्ट्रीय वित्त, वाणिज्य एवं व्यापार के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करना है, लेकिन कोरोना महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी भू-राजनीतिक संकटों से पैदा हुई चुनौतियों को देखते हुए इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है. जलवायु संकट आज विकराल रूप ले चुका है. कोरोना महामारी से जारी लड़ाई में भारत की उपलब्धियों ने समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है. रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने तटस्थ विदेश नीति और व्यापार नीति अपनाते हुए लगातार शांतिपूर्ण बातचीत पर जोर दिया है. प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार कहा है कि आज के युग में युद्ध कोई विकल्प नहीं है तथा हमें गांधी और बुद्ध के रास्ते पर चलना होगा. उनके इस सोच की स्पष्ट प्रतिध्वनि बाली सम्मेलन के घोषणापत्र में परिलक्षित हुई है. जलवायु परिवर्तन के मसले पर भी भारत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है. अगले साल भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन तथा सालभर की अध्यक्षता के लिए भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन को आदर्श बनाया है. कोरोना टीकों को कई देशों में भेजना हो, अनाज की आपूर्ति करनी हो, शांति की पैरोकारी हो, सामुद्रिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वच्छ ऊर्जा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास करना हो, हर मसले पर भारत ने सभी देशों के सहयोग बढ़ाने तथा नियम-आधारित विश्व व्यवस्था स्थापित करने पर बल दिया है. पूरी धरती ही परिवार है- यह एक सूक्ति मात्र नहीं है, भारत की वैश्विक दृष्टि का सूत्र वाक्य है. प्रधानमंत्री मोदी ने समूह की अध्यक्षता को स्वीकार करते हुए कहा है कि भारत की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी होगी. उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भारत सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का प्रयास करेगा. आज जब हमारा देश सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और वैश्विक मंच पर हमारी महत्वपूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है, भारत की अगुवाई में जी-20 समूह विश्व को नयी सकारात्मक राह की ओर अग्रसर कर सकता है. प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही कहा है कि भारत और भारतीयों के लिए यह गौरव का अवसर है.

# तमचेबाज़ का नशा एसएसपी अजय सिंह ने यूँ उतार दिया






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 18 नवम्बर। अगर आप सोशल मीडिया पर अपनी आपत्तिजनक, विवादित और हनक दिखाने वाली पोस्ट और तस्वीर पोस्ट करने की सोच रहे हैं तो सम्हल जाइये। क्योंकि आपकी इस झूठी दबंगई, हनक या फ़ज़ी रसूख दिखाने की मंशा पर उत्तराखंड पुलिस का डंडा ऐसा चलेगा कि आप जेल भी पहुँच सकते हैं। यकीन न आये तो हरिद्वार एसएसपी अजय सिंह की इस कार्यवाही पर ध्यान दीजिये आपको जवाब मिल जायेगा

**सोशल मीडिया की दबंगई थाने पहुंचकर हुई खाक**

युवक के तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विड़ियो का संज्ञान लेते हुए एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों पर कोतवाली लक्सर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त इकराम को 315 बोर के 01अवैध तमंचे व 01 जिंदा कारतूस के साथ दबोचा।अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज़ किया गया है। आपको यहाँ ये भी बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त इकराम ने सोशल मीडिया में पहले भी तमंचे के साथ फोटो वायरल किया गया था जिससे आमजन में दहशत का माहौल बन रहा था। लेकिन जब उसका सामना धाकड़ एसएसपी अजय सिंह से हुआ तो न सिर्फ उसका नशा काफूर हो गया बल्कि अब वो जेल की हवा खा रहा है।



# आधी रात डीएम सोनिका ने यहाँ मारा छापा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 नवंबर जिलाधिकारी सोनिका ने आधी रात तहसील विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत देर रात्रि को औचक निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विकासनगर क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध खनन की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विकासनगर को क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नियम के विपरीत खनन ना हो इसका विशेष ध्यान रखने के साथ ही यदि कहीं अवैध गतिविधियां पाई जाती हैं तो उस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही रात्रि में नदियों से अवैध खनन न हो इसके लिए निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस दौरान लांघा, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल आदि जगहों का निरीक्षण किया। साथ ही वाहनों में जा रहे सामग्री का धर्म कांटे का भी औचक निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी, कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट, तहसीलदार चमन सिंह, खनन अधिकारी सहित संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# गेंदे के फूलों से सजा बदरी विशाल का धाम, आज बंद होंगे मंदिर के कपाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बदरीनाथ धाम के कपाट आज शनिवार को अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार को गेंदे के फूलों से सजाया गया है। शुक्रवार को पंच पूजाओं के चौथे दिन माता लक्ष्मी का आह्वान कर पूजन संपन्न हुआ। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना तथा कढ़ाई भोग अर्पित किया गया।

शनिवार को रावल (मुख्य पुजारी) ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी स्त्री वेश धारण कर माता लक्ष्मी की प्रतिमा को बदरीनाथ धाम के गर्भगृह में प्रतिष्ठापित करेंगे और उद्धव व कुबेर जी की प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया जाएगा।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि माणा गांव की महिला मंगल दल की महिलाओं की ओर से तैयार किए गए घृत कंबल (घी में भिगोया ऊन का कंबल) को भगवान बदरीनाथ को ओढ़ाया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर लिए जाएंगे।




## सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने किया बड़ा खुलासा, तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 18 नवम्बर। जिले में बड़े सरकारी उपक्रमों को सेवाएं दे रही उज्वल श्रम संविदा सहकारी समिति लिमिटेड ने तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी नहीं दिया। केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्त कार्यालय ने जीएसटी की इस चोरी का बड़ा खुलासा किया है।

सीजीएसटी आयुक्त दीपांकर ऐरन ने बताया कि जीएसटी चोरी करने वाले व्यापारियों और फर्मों के बारे में गोपनीय जानकारी जुटाई जा रही है। उज्वल श्रम संविदा सहकारी समिति लिमिटेड ने एफआरआई, वन प्रभाग देहरादून, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान, वन प्रभाग हल्द्वानी, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान, बीएसएनएल, मृदा




संरक्षण संस्थान में मानव संसाधन और वर्क कांटेक्ट की सेवाएं दी जाती है।

समिति ने उक्त उपक्रमों से 20.24 करोड़ की राशि प्राप्त की, लेकिन इस पर देय जीएसटी का भुगतान नहीं किया। गोपनीय सूचनाओं के आधार पर समिति की जांच की गई। सीजीएसटी की टीम ने समिति के अध्यक्ष शैलेश वर्मा के आवासों से दस्तावेज जब्त किए, जिसमें तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी गई।

आयुक्त ने बताया कि सीजीएसटी अधिनियम के तहत शैलेश वर्मा को समन जारी किए गए। इस पर वर्मा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय की ओर से 55 मामलों में 75.59 करोड़ की टैक्स का पता लगाया गया। इसमें 68.59 करोड़ टैक्स की वसूली गई, जबकि बीते वित्त वर्ष 2021-22 में टैक्स चोरी मामले में 97.20 करोड़ की वसूली की गई है।

## 1249 हेड कांस्टेबलों को मिला प्रमोशन का तोहफा, बने अपर उपनिरीक्षक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 18 नवंबर। उत्तराखंड पुलिस में सेवा दे रहे 1249 हेड कांस्टेबलों को प्रमोशन का तोहफा दिया गया है। शुक्रवार को इन हेड कांस्टेबलों की सूची जारी की गई है। प्रमोशन पाकर ये हेड कांस्टेबल अब अपर उपनिरीक्षक बन गए हैं। इसके अलावा तीन हजार कांस्टेबलों का भी एक सप्ताह के भीतर प्रमोशन हो जाएगा। जो कि कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल बन जाएंगे।

डीजीपी अशोक कुमार ने सभी पदोन्नत पुलिस कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों की ग्रेड-पे की समस्या का समाधान करते हुए मुख्यमंत्री ने अपर उपनिरीक्षक का नया पद सृजित करते हुए 1750 पद स्वीकृत किए थे। इसके बाद विभागीय चयन समिति ने प्रमोशन के लिए 1249 हेड कांस्टेबल को पात्र पाया।

अपर उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने से पुलिस जवानों का मनोबल बढ़ा है। अब मामलों की विवेचना में भी काफी मदद मिलेगी। प्रमोशन पाने वालों में नागरिक पुलिस पुरुष- 328, नागरिक पुलिस महिला- 32, अभिसूचना- 58, सशस्त्र पुलिस- 377, पीएसी- 422, एमटी- 23, आरमोरर- 07, घुड़सवार- 02 शामिल हैं। विभागीय कार्यवाही के चलते 19 कर्मियों का प्रमोशन रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के लिए हेड कांस्टेबल पद पर दो वर्ष की सेवा की अर्हता होने के कारण 482 हेड कांस्टेबल अपर उपनिरीक्षक नहीं बन सके। जिस कारण यह पद खाली रह गए हैं। शासन से शिथिलीकरण की अनुमति लेकर इन पदों को भी भरने के प्रयास किए जाएंगे।

# बहादराबाद नहर पटरी पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 50 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 18 नवंबर। लगभग पांच महीने पहले गुलेल से पुलिस कांस्टेबल की आंख फोड़ने का आरोपी और 50 हजार के ईनामी बदमाश देवराज को शुक्रवार सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग में उसके पैर में दो गोलियां लगीं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान उसका साथी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मुठभेड़ शुक्रवार सुबह 8:30 बजे हुई जब पथरी रोह पुल के पास गश्त के दौरान चेतक पुलिसकर्मियों ने पैदल आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। दोनों ने पुलिस को देखते ही हवाई फायरिंग कर दी और नहर पटरी की तरफ भाग निकले। चेतक कर्मियों की सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची और कुछ ही देर में दोनों बदमाशों को घेर लिया गया। झाड़ियों के बीच पुलिस जैसे ही आगे बढ़ी तो बदमाश ने फायर झोंक दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें एक बदमाश के दाएं पैर में दो गोलियां लगी।

घायल होने के बाद भी बदमाश ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसका साथी फरार होने में कामयाब रहा। पकड़े गए बदमाश की पहचान 25 मई को शिवालिक नगर में गुलेल मारकर कांस्टेबल की आंख फोड़ने वाला मुख्य आरोपी 50 हजार का ईनामी देवराज निवासी मोहल्ला नीलगंगा निकट चुमचुम बाबा की दरगाह उज्जैन मध्य प्रदेश निकला। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में एसएसपी अजय सिंह सहित पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई। वहीं दूसरी ओर कांबिंग कर फरार बदमाश की तलाश शुरू की गई। शहर से लेकर देहात तक नाकाबंदी कर दिनभर चेकिंग की गई मगर आरोपी पकड़ में नहीं आया।

नहर पटरी पर चेतक कर्मी रुटीन चेकिंग कर रहे थे। संदिग्ध दो लोगों को रुकने का इशारा किया। लेकिन उन्होंने हवाई फायरिंग और भागने लगे। फोर्स लगाकर धरपकड़ के लिए घेराबंदी की गई। मुठभेड़ के बाद एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

